नईदुनिया

भोपाल, 6 जून 2026

जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता अभियान

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में विविध कार्यक्रम आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. साक्षी भारद्वाज रहीं, जो भोपाल स्थित जंगलवास संस्था की संस्थापक हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रश्मि ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा ग्रीष्मावकाश प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम—हरित शावक एवं हरित किशोर के प्रतिभागियों को 'जलवायु परिवर्तन रोको' विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके साथ ही महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 3 महाविद्यालयों के 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों में जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके

दुष्परिणामों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करना था। इसके पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही 'जलवायु परिवर्तन रोको' विषय पर अस्थायी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्रीनहाउस प्रभाव, वैश्विक तापमान वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन के कारणों और प्रभावों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। संग्रहालय की कार्यालय अध्यक्ष डॉ. बीनिश रफत ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती रश्मि ठाकुर ने अपने संबोधन में बढ़ते जलवायु परिवर्तन की गंभीरता और उसके समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. साक्षी भारद्वाज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक चिंता का विषय है और इसके प्रभाव पृथ्वी के प्रत्येक जीव पर पड़ रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए तथा विभिन्न पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन वैज्ञानिक-सी एवं समन्वयक मानिक लाल गुप्त द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के नेचर्स क्लब (प्राकृत) द्वारा गुरुवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार की मिशन लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) पहल के अनुरूप किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण शपथ, वृक्षारोपण अभियान तथा सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण एवं उचित निपटान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत संकाय सदस्यों और

कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में पौधे लगाए। इस पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय ने हरित वातावरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (डॉ.) एन. के. थापक सहित विश्वविद्यालय की विभिन्न संघटक इकाइयों के प्राचार्य, डीन, संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

8 जून से शुरू होगी 'द ओडिसी' की आईमैक्स एडवांस बुकिंग, 17 जुलाई को होगी रिलीज

नई दिल्ली। ऑस्कर विजेता निर्देशक की बहुप्रतीक्षित फिल्म की आईमैक्स एडवांस बुकिंग भारत में 8 जून से शुरू होगी। इसके साथ ही भारतीय दर्शक दुनिया के पहले दर्शकों में शामिल होंगे, जो फिल्म के लिए अपनी पसंदीदा सीटें पहले से बुक कर सकेंगे।

होमर की प्रसिद्ध महाकाव्य कथा पर आधारित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन क्रिस्टोफर नोलन ने किया है। फिल्म इथाका के राजा ओडिसियस की रोमांचक यात्रा पर आधारित है, जो ट्रॉय युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए संघर्ष करते हैं।

फिल्म में ओडिसियस, टेलीमेकस और पेनेलोप की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा , , , और भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

विशेष बात यह है कि 'द ओडिसी' दुनिया की पहली फीचर फिल्म है, जिसे पूरी तरह आईमैक्स कैमरों से शूट किया गया है। फिल्म का निर्माण सिंकोपी बैनर के तहत एम्मा थॉमस और क्रिस्टोफर नोलन ने किया है। भारत में इसका वितरण यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी द्वारा किया

जाएगा। फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत सहित दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

प्रसार भारती लेकर आया 'अवेकिनं इंडिया-2' और 'उत्सवम' की विशेष श्रृंखला

नई दिल्ली। भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रसार भारती दो नई डॉक्यूमेंट्री श्रृंखलाएं 'अवेकिनंग इंडिया-सीजन 2' और 'उत्सवम: भारत की पवित्र सांस्कृतिक धड़कन' प्रस्तुत करने जा रहा है।

'अवेकिनंग इंडिया-सीजन 2' भारत की सभ्यतागत विरासत, परंपराओं, विचारों और महान व्यक्तित्वों पर आधारित श्रृंखला है। इसमें देशभर के प्रतिष्ठित संन्यासियों, आध्यात्मिक गुरुओं, विद्वानों, शिक्षाविदों और सार्वजनिक चिंतकों के विचार शामिल किए गए हैं। श्रृंखला का संचालन प्रवीण तिवारी ने किया है, जबकि इसकी संकल्पना और निर्देशन दूरदर्शन के वरिष्ठ कार्यक्रम कार्यकारी अनुराग दर्शन ने किया है। इसका प्रसारण 6 जून से प्रत्येक शनिवार शाम 5 बजे डीडी नेशनल और शाम 5:30 बजे डीडी भारती पर होगा।

वहीं 'उत्सवम: भारत की पवित्र सांस्कृतिक धड़कन' सात एपिसोड की डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला है, जो उत्तर गुरुवायूरप्पन मंदिर के 10 दिवसीय वार्षिक उत्सव पर आधारित है। इसमें मंदिर परंपराओं, कथकली, मोहिनीयाट्टम, कर्नाटक संगीत और सामुदायिक सहभागिता की झलक दिखाई जाएगी। इस श्रृंखला का निर्देशन प्रतीक वासन ने किया है। इसका प्रथम प्रसारण 6 जून को शाम 7:30 बजे होगा, जबकि पुनः प्रसारण प्रत्येक रविवार शाम 5 बजे किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला-सागर (म.प्र.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास राव बापट पिता सुधाकर राव बापट निवासी ग्राम ढुरुवा तहसील बीना द्वारा ग्राम ढुरुवा प.ह.नं. 52 तहसील बीना स्थित भूमि सर्वे नं. 28, 64/9, 64/13, 113/1 रकवा क्रमश-9.03, 1.10, 0.11, 0.12 हे. कुल रकवा 10.36 हे. भूमि के नक्शा में बटांक एवं लालस्याही किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। उक्त भूमि के नक्शा बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनबाई दिनांक 15/06/2026 को या इसके पूर्व न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत करने पर आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। जारी दिनांक-04/06/2026, **पेशी दिनांक-15/06/2026**

तहसीलदार,
बीना जिला सागर म.प्र.

न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला-सागर (म.प्र.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित बापट पिता विकास राव बापट निवासी ग्राम ढुरुवा तहसील बीना द्वारा ग्राम ढुरुवा प.ह.नं. 52 तहसील बीना स्थित भूमि सर्वे नं. 64/11 रकवा 1.21 हे. भूमि के नक्शा में बटांक एवं लालस्याही किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। उक्त भूमि के नक्शा बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनबाई दिनांक 15/06/2026 को या इसके पूर्व न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत करने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। जारी दिनांक-04/06/2026, **पेशी दिनांक-15/06/2026**

तहसीलदार,
बीना जिला सागर म.प्र.

जाहिर सूचना

भू-खण्ड स्थित बसई नगर पालिका परिषद बैरसिया, पटवारी हल्का नं. 111/24, तहसील बैरसिया, जिला-भोपाल (म.प्र.)

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार एवं प्रदत दस्तावेजों के आधार पर सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार द्वारा बसई नगर पालिका परिषद व तहसील बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 339, 340/3/2,346/2/2 का अंशभाग जिसका क्षेत्रफल 30×40=1200 वर्गफीट अर्थात् 111.52 वर्गमीटर का भू-खण्ड जो श्रीमती धनबाई पत्नि श्री संगराम सिंह राजपूत निवासी -ग्राम करेला तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के नाम पर राजस्व अभिलेखो में दर्ज है उक्त भू-खण्ड को श्रीमती धनबाई से क्रय किये जाने हेतु श्रीमती धनबाई को बयाना/टोकन राशि का भुगतान किया गया है उपरोक्त भू-खण्ड के विक्रय अनुबंध-पत्र, विक्रय-पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष है यदि किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, सोसायटी, फर्म, बैंक, हितवद्ध व्यक्ति, पड़ोसी कृषकों इत्यादि को उक्त भू-खण्ड के विक्रय अनुबंध पत्र, विक्रय/हस्तांतरण एवं विक्रय पत्र के पंजीयन के पश्चात् नामांतरण (दाखिल खारिज) किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या कोई लेन-देन अथवा अनुबंध हो तो वह आज दिनांक को प्रेषित जाहिर सूचना से 07 दिन की अवधि में मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समायावधि पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, दखल या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बाध्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार उक्त भू-खण्ड को क्रय करने हेतु टोकन/बयाना/विक्रय मूल्य की सम्पूर्ण राशि अदा उक्त भू-खण्ड को अपने पक्ष में विक्रय अनुबंध पत्र, विक्रय/हस्तांतरण पत्र का पंजीयन अपने हित में करवाने के लिये स्वतंत्र होगें।

नीरज साहू, एडवोकेट
बैरसिया, मो.नं. 9589535956

सूडोकु नवताल- 7802

कठिनतम

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7801 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

काकुरो पहेली - 7475



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7474 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8872



बाएँ से दाएँ

1. सावधान,सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन,प्रतिज्ञा-2
6. हत्या,मर्डर-2
8. तब तक,अवधि में-4
10. चरित्र,लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा,आजादी-3
17. तट,किनारा-3
19. ईश्वर,भगवान -4
21. अधीन,काबू-2
23. नवीन,नवजात-2
24. लेखनी,पेन-3
25. लाईन,रेखा -3

ऊपर से नीचे

1. हमेशा,सदैव-2
2. विष,जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया,नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती,उछलकूद-3
8. स्वभाव,आदत-4
9. नुकसान,घाटा-2
12. कपोल,गाल-4
15. शान्ति,सन्नाटा-3
16. ताकत,दम,बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा,वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम,संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -8871 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7314



ऊपर से नीचेः-

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरनी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 7313

य	स	बॉ	स		ह	मे	शा		स
हू		ई		रॉ	की			खौ	फ
दी	दा	र			क	स	क		र
	मि		की	म	त		री	ना	
सु	नी	ल		र्या		हि	ना		कि
जा		व	ही	दा		म्म		जि	स्म
ता	ल		रे		सौ	त	न		त
	ल	म्हे		सौ	दा		ज	या	
शा	का		जीं		ग		ग		प्या
का	र	तू	स		र	वी	ना		सा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7408

		4	3			1
2	34	7	30		28	
		1	6		5	4
3	31		32	6	33	
	5	3			2	7
5	28		33	7	38	
1		2		5		6

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7407 का हल

3	1	4	6	2	5	7
5	32	7	32	1	30	3
1	6	5	4	3	7	2
2	35	3	35	7	32	6
7	5	6	3	4	2	1
6	34	1	34	5	28	4
4	3	2	7	6	1	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8428

ग	दि	न	ल	बे	म	ज	उ	न	र	क	
गो	ड	म	द	र	वा	जी	म	इ	अ	ल	
आ	प	दे	पू	ह	जी	व	रा	का	व	दि	
ए	ची	तं	श	ट	ज	प	व	पा	ता	र	
क	त	ई	ग	में	व	खें	जा	भा	र	इ	
आ	मे	म	दे	दे	व	ता	न	ई	न	ति	
द	जं	न्स	मे	प	क	ता	या	ज्वा	है	हा	
मी	म	क	ए	सं	र	प	र	ला	म	स	
ले	बो	र्न	य	त	चि	व	री	मु	न	क्स	
त	ह	म	पां	च	बा	त्र	रि	खी	म	प्रे	
बे	बी	लो	नि	या	ल	र	न	श	त	स	

शब्दजाल में शबाना आजमी की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

उमराव जान, गोडमदर, पतंग, इतिहास, एक आदमी, हम पांच, ज्वालामुखी, अवतार, देवता, परवरिश

शब्दजाल - 8427 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore